104 (New Syllabus) (I)

Total No. of Questions – 16
Total No. of Printed Pages – 4

Regd. No. | | | | | | | | | | |

Part – II
Hindi, Paper – I
(Second Language)

Time : 3 Hours] [Max. Marks : 100

सूचनाएँ : (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
(2) जिस क्रम में प्रश्न दिये गये हैं, उसी क्रम से उत्तर लिखना अनिवार्य है ।

खण्ड – 'क' (60 अंक)

1. निम्नलिखित किसी **एक** पद्यांश का भावार्थ लिखिए : 1 × 6 = 6

शीलवन्त सबसे बड़ा, सब रतनन की खान ।
तीन लोक की सम्पदा, रही शील में आन ।।

अथवा

जिसे खोजती थी बरसों से अब जा कर उसको पाया ।
भाग गया था मुझे छोड़कर वह बचपन फिर से आया ।।

2. किसी **एक** कविता का सारांश लिखिए । 1 × 8 = 8
   (a) वीर
   (b) मेरा नया बचपन

3. किसी **एक** पाठ का सारांश लिखिए । 1 × 8 = 8
   (a) ईद और होली
   (b) आत्म निर्भरता

4. किसी **एक** कहानी का सारांश लिखिए । 1 × 8 = 8
   (a) पच्चीस चौका डेढ़ सौ
   (b) शरणागत

www.sakshieducation.com

5. निम्नलिखित पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $2 \times 5 = 10$

(a) तुलसी पावस के समै धरी कोकिला मौन् ।
अब तो दादुर बोलि हैं हमें पूछि हैं कौन ।।

अथवा

पानी केरा बुदबुदा, अस मानुष की जात ।
देखत ही छिप जायगा, ज्यौं तारा परभात ।।

(b) सब देश विद्या-प्राप्ति को सतत यहाँ आते रहे,
सुरलोक में भी गीत ऐसे देव-गण गाते रहे, –
"हैं धन्य भारतवर्षवासी धन्य भारत वर्ष है,
सुरलोक से भी सर्वथा उसका अधिक उत्कर्ष है ।।"

अथवा

काट अन्ध-उर के बन्धन-स्तर
बहा जननि, ज्योतिर्मय निर्झर ;
कलुष भेद तम-हर प्रकाश भर
जगमग जग कर दे !

6. निम्नलिखित किन्हीं दो गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $2 \times 5 = 10$

(a) "संसार के बहरों के कान खोलने के लिए मैंने बम फेंका है । यह है मेरी पिस्तौल । आप मुझे शौक से गिरफ्तार कर सकते हैं ।"

(b) "घर में कई नौकर चाकर हैं । मेरे लिए दो मुट्ठी आटा भारी न होगा । मैं भी आपकी सेवा करती हुई पड़ी रहूँगी ।"

(c) मुझे कुछ भी कह लीजिए बदमाश मत कहिए, मैं शरीफ आदमी हूँ । सरकार को हर महीने इनकम टैक्स देता हूँ ।

(d) प्रसिद्ध पुरुषों की जीवनियों के पढ़ने से ही नहीं, वरन् उन प्रसिद्ध पुरुषों के चरित्र के अनुकरण करने से मनुष्य में पूर्णता आती है ।

7. एक शब्द में उत्तर दीजिए । $5 \times 1 = 5$

(a) तुलसीदास का अमर काव्य कौन सा है ?

(b) कबीर के गुरु कौन थे ?

(c) 'वर दे वीणावादिनी वर दे' कविता के कवि कौन हैं ?

(d) विश्व के देशों में फैला ज्ञान विज्ञान किसकी देन है ?

(e) वीर कविता किस काव्य से ली गई है ?

8. एक शब्द में उत्तर दीजिए । $5 \times 1 = 5$

(a) रूद्रम देवी के पिता का नाम क्या है ?

(b) ब्रिटिश सरकार की लाठियाँ खाकर कौन मर गये ?

(c) फैशनबुल आदमी ने थके हुए आदमी से कितने पैसे उधार पर लिए हैं ?

(d) पति की मृत्यु के बाद अभागी स्त्री कहाँ जाना चाहती है ?

(e) राम और हमीदा को आग से कौन बचाता है ?

www.sakshieducation.com

खण्ड – 'ख' (40 अंक)

9. निम्नलिखित में से कोई **एक** पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5

छुट्टी माँगते हुए प्रधानाचार्य के नाम पत्र लिखिए ।

अथवा

पुस्तक-विक्रेता के नाम पत्र लिखिए ।

10. किन्हीं **पाँच** शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । 5 × 1 = 5

(a) अधिक
(b) उदय
(c) हिंसा
(d) छोटा
(e) जीवन
(f) आशा
(g) सुख
(h) रात

11. किन्हीं **पाँच** शब्दों की शुद्ध वर्तनी लिखिए । 5 × 1 = 5

(a) आशमान
(b) परकाश
(c) चात्र
(d) राष्र्ट
(e) विध्या
(f) बारत
(g) वस्तू
(h) लेकक

12. किन्हीं **पाँच** शब्दों के कम से कम **दो** समानार्थी शब्द लिखिए । 5 × 1 = 5

(a) अंधकार
(b) आनंद
(c) कमल
(d) ईश्वर
(e) असुर
(f) इच्छा
(g) आँख
(h) आकाश

13. किन्हीं **पाँच** पारिभाषिक शब्दों के हिन्दी में अनुवाद कीजिए । 5 × 1 = 5

(a) Staff
(b) Law
(c) Annual
(d) Forest Officer
(e) Oath
(f) Education Officer
(g) Parliament
(h) News Editor

www.sakshieducation.com

14. कारक चिह्नों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । 5 × 1 = 5

(a) जंगल ________ पशु-पक्षी रहते हैं ।

(b) कृष्ण ________ कंस को मारा ।

(c) यह शीला ________ माँ है ।

(d) मेज ________ पुस्तकें रखी हैं ।

(e) वृक्ष ________ फूल गिर गये ।

15. सूचना के अनुसार वाक्य में परिवर्तन कीजिए । 5 × 1 = 5

(a) शेर जंगल में रहता है । (रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।)

(b) हम भारत के निवासी हैं । (रेखांकित शब्द का वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।)

(c) मोहन निडर लड़का है । (रेखांकित शब्द में उपसर्ग क्या है ?)

(d) नौकरानी काम करती है । (रेखांकित शब्द में प्रत्यय क्या है ?)

(e) सीता गाना गा रही है । (भविष्यत् काल में लिखिए ।)

16. किन्हीं **पाँच** वाक्यों को शुद्ध कीजिए । 5 × 1 = 5

(a) राम ने रोटी खाया ।

(b) पाँचों पांडवों का नाम लिखों ।

(c) सीता पाठशाला जाता है ।

(d) वह सबसे सुन्दरतम् है ।

(e) राम रावण मारा ।

(f) वह ऊब आया ।

(g) मेरे को कुछ ना बोलो ।

(h) मैं पाठ पढ़ेगा ।

(i) राम पाठशाला जा रहा हूँ ।

(j) तुम तुम्हारे घर चले जाओ ।

www.sakshieducation.com